अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक 13.04.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 13.04.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की गई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर, डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर, असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर एवं प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा 300 नग योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना की जॉच हेतु आप द्वारा निर्देशित किया गया था जिसमें 204 नग योजनाओं की जांच आख्या कार्यालय को प्राप्त हुई जिसमें 181 नग योजनाओं मे कार्य सन्तोषजनक पाया गया था तथा 23 नग योजनाओं में कार्य अवशेष/सुधार की आवश्यकता पायी गई थी एवं 96 नग योजनाओं की जांच आख्या प्राप्त होना शेष है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त 96 नग योजनाओं की सड़क पुर्नस्थापना की जांच हेतु नामित जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक हेतु पत्र प्रेषित किया जाये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण)

2– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा शिरोपरि जलाशयों में लगायी गई NCs के कार्यों का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड की 130 किटिकल एवं 204 मेजर कुल 334 NCs है जिसमें 128 किटिकल एवं 197 मेजर कुल 326 NCs टी0पी0आई0 द्वारा जॉचोंपरान्त क्लोज कर दी गई तथा 8 NCs को क्लोज करने हेतु मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर को निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड / टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

3– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओंके समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुए मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 150 नग योजनायें एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा 35 नग योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अगली बैठक तक योजनाओं के समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुए मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को 18 नग योजनायें एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को 32 नग योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड/ टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

4– समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाते समय तोड़े गये मार्गों की पुर्नस्थापना के कार्यों की प्रगति अपेक्षा अनुरूप नहीं है जिस पर मैनपावर बढ़ाते हुए तीव्र गति से अवशेष सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड/ टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की हर घर जल मार्क 250 नग ग्राम पंचायतों का जल सेवा आंकलन किया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष 247 नग ग्राम पंचायतों का जल सेवा आंकलन पंचायत सचिवों द्वारा किया जा चुका है शेष 03 नग ग्राम नगरीय क्षेत्र में है जिनका जल सेवा आंकलन नहीं किया जाना है। जल सेवा आंकलन में जो कमियां पायी जायेगी। उन कमियों को DTU (District Technical Unit) के माध्यम से अनुश्रवण कर ठीक कराये जाने सम्बन्धी कार्ययोजना बनाकर पोर्टल पर फीड किया जाना है। जनपद में 729 नग एकल ग्राम योजनाओं की RPWSS (ग्रामीण पाइप पेयजल सप्लाई योजना) आई0डी0 बनाया जाना है जिसके सापेक्ष 721 एकल ग्राम योजनाओं की RPWSS (ग्रामीण पाइप पेयजल सप्लाई योजना) आई0डी0 बनायी जा चुकी है अवशेष आई0डी0 बनाये जाने का कार्य प्रगति पर है। सुजलाम भारत ऐप के माध्याम से RPWSS (ग्रामीण पाइप पेयजल सप्लाई योजना) आई0डी0 के अन्तर्गत दर्शाये गये Assets की सुजलाम ऐप पर जियो टैगिंग किया जाना है। पाइप पेयजल योजनाओं की भौतिक रूप से पूर्ण होने के उपरान्त माननीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामई उपस्थिति में जल अर्पण दिवस का आयोजन किया जाना है। इसके अतिरिक्त अवगत कराया गया कि जलापूर्ति से सम्बन्धित किसी भी समस्या को जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं0 18001212164 पर पंजीकृत किया जा सकता है। पेयजल योजना में चिन्हित पेयजल स्रोतों के सम्बन्ध में Source Sustainability रिपोर्ट को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा विचार विमर्श उपरान्त उक्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु चल रही है। अतः जिन पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है उन पर निर्बाध रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जाये।

o/c (डा0 राजागणपति आर.)
जिलाधिकारी
सीतापुर।

कार्यालय जिलाधिकारी सीतापुर

पृ0 संख्याः 2920 / M-3 /12 दिनॉक 27 / 04 / 2026
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर।
2— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
3— असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर।
4— प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर।
5— डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।

27/4/24

o/c जिलाधिकारी,
सीतापुर।